राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने कहा, नृत्य की भारतीय दृष्टि को सुदूर देशों तक पहुंचाने वाले महान नर्तक थे बिरजू महाराज

राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 17 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने नृत्य सम्राट पंडित बिरजू महाराज के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के वह ऐसे विरल नर्तक थे जिन्होंने कथक को महानता की नई ऊंचाइयां प्रदान करते नृत्य की भारतीय दृष्टि को सुदूर देशों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि उनका निधन नृत्य के एक युग का अवसान है। उन्होंने ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने और उनके परिजनों एवं देश–विदेश के उनके प्रसंशकों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

————